प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

31 अक्तूबर 2025

## भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड की 619वीं बैठक

भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय निदेशक बोर्ड की 619वीं बैठक आज उदयपुर में श्री संजय मल्होत्रा, गवर्नर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। केंद्रीय निदेशक बोर्ड ने चल रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के उपलक्ष्य में सत्यनिष्ठा शपथ और सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ भी ली।

बोर्ड ने उभरते वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य का मूल्यांकन किया, जिसमें उभरती भू-राजनीतिक और वित्तीय बाज़ार के घटनाक्रम तथा उससे जुड़ी चुनौतियाँ भी शामिल थीं। बोर्ड ने केंद्रीय बोर्ड की विभिन्न उप-समितियों के कामकाज की समीक्षा की और निक्षेप बीमा एवं प्रत्यय गारंटी निगम तथा उपभोक्ता शिक्षण और संरक्षण विभाग सहित चुनिंदा केंद्रीय कार्यालय विभागों की गतिविधियों का मूल्यांकन किया।

उप गवर्नर श्री टी. रबी शंकर, श्री स्वामीनाथन जे., डॉ. पूनम गुप्ता, श्री शिरीष चंद्र मुर्मू और केंद्रीय बोर्ड के अन्य निदेशक - श्री नागराजू मद्दिराला, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग; सुश्री अनुराधा ठाकुर, सचिव, आर्थिक कार्य विभाग; श्री सतीश के. मराठे, श्रीमती रेवती अय्यर, श्री पंकज रमणभाई पटेल और डॉ. रवीन्द्र एच. धोलकिया - बैठक में शामिल हुए।

**(ब्रिज राज)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/1434**